Printed Pages – 4

J-294

B.Com. (Part-I) (Old Course) Examination, 2021

(Foundation Course)

Paper - I

HINDI BHASHA

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : सभी प्रश्नों का उत्तर लिखना अनिवार्य है। अंक प्रश्न के समक्ष अंकित हैं।

Q. 1. (क) पल्लवन लिखने की विधि को विस्तार से लिखिए। **10**

अथवा

अच्छे पत्रों की क्या-क्या विशेषताएँ होती हैं? पत्र का एक उदाहरण भी लिखें।

(ख) अच्छे अनुवाद के गुणों का वर्णन करें। **5**

अथवा

पारिभाषिक शब्दावली की परिभाषा लिखकर उसके कोई दो उदाहरण लिखिए।

Q. 2. (क) मुहावरे तथा लोकोक्ति में अंतर स्पष्ट कीजिए। **5**

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के लिए विलोम शब्द लिखिए :

अस्त, आरोह, क्षमा, नीरस, निरक्षर

(ख) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए (कोई पाँच) : **5**

उज्वल, श्रृंगार, परिनाम, पुरानिक, तलाब, कवियत्री, अस्मर्थ, वीना

(ग) निम्नलिखित समश्रुत शब्दों के अर्थ लिखिए (कोई पाँच) : **5**

(अ) पाहन-पाहुन

(ब) पानी-पाणि

(स) घट-घाट

(द) चिता-चीता

(य) अनल-अनिल

(र) छात्र-क्षात्र

(ल) इत्र-इतर

Q. 3. देवनागरी लिपि की विशेषताएँ विस्तारपूर्वक लिखिए। **15**

अथवा

हिंदी वर्तनी के मानकीकरण के लिए बनाए गए नियमों को सोदाहरण लिखिए।

Q. 4. सूचना प्रौद्योगिकी के घटकों का विस्तार से वर्णन कीजिए। **15**

अथवा

निम्नलिखित पदनामों के हिंदी रूप लिखिए :

(i) Chairman

(ii) Custodian

(iii) Peon

(iv) Postman

(v) Governor

(vi) Judge

(vii) Lecturer

(viii) Principal

(ix) Senior

(x) Registrar

(xi) Election Commissioner

(xii) Surgeon

(xiii) Financial Advisor

(xiv) Nurse

(xv) Wireless operator

Q. 5. (क) संक्षेपण को समझाते हुए वर्तमान में उसकी उपयोगिता बताइए। **10**

अथवा

संक्षेपण लिखते समय किन-किन बातों पर ध्यान देना आवश्यक है ?

(ख) निम्नलिखित गद्यांश का उचित शीर्षक देकर सारांश लिखिए : **5**

कुछ व्यक्ति सोचते हैं कि अब मानव सभ्य और शिक्षित हो गया है, उस पर किसी भी प्रकार के नियमों का बंधन नहीं होना चाहिए। वह स्वतंत्र रूप से जो भी करे, उसे करने देना चाहिए। लेकिन यदि व्यक्ति को वह

अधिकार दे दिया जाय, तो चारों तरफ वन्य-जीवन जैसी अव्यवस्था आ जाएगी। मानव के पूर्ण विकास के लिए कुछ बंधनों और नियमों का होना आवश्यक है। अनुशासन-बद्धता मानव जीवन के मार्ग में बाधक नहीं अपितु उसे पूर्ण उन्नति तक पहुँचाने के लिए अनुकूल अवसर प्रदान करती है। अनुशासन के बिना तो मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

Printed Pages – 4

JN-294

B.Com. (Part-I) (New Course) Examination, 2021

(आधार पाठ्यक्रम)

Paper - I

हिन्दी भाषा

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : सभी प्रश्नों का उत्तर लिखना अनिवार्य है। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं।

Q. 1. (क) ''व्यक्ति जन्म लेता और मरता है लेकिन राष्ट्र अमर रहता है।'' इस कथन का पल्लवन लिखिए। **8**

अथवा

'पत्र' के विभिन्न प्रकारों का परिचय दीजिए।

(ख) 'ईदगाह' कहानी की मूल संवेदनाओं को स्पष्ट कीजिए। **7**

अथवा

कहानी के तत्वों के आधार पर 'ईदगाह' कहानी की समीक्षा कीजिए।

Q. 2. (क) 'मुहावरा' और 'लोकोक्ति' में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। **8**

अथवा

निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं आठ शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए :

(i) आशिर्वाद

(ii) ऐनक

(iii) रनभूमि

(iv) भगवान

(v) प्रसंशा

(vi) उलटा

(vii) सीधा-साधा

(viii) पूज्यनीय

(ix) निर्दोषी

(x) उज्जवल

(ख) भारत वंदना कविता का सारांश लिखिए। **7**

अथवा

भारत माता की शोभा वृद्धि के लिए कवि ने किन-किन उपादानों का उपयोग किया है ?

Q. 3. (क) संक्षेपण लिखते समय किन-किन बातों पर ध्यान देना चाहिए ? स्पष्ट कीजिए। **8**

अथवा

वैज्ञानिक लिपि के मानकों के आधार पर देवनागरी लिपि की समीक्षा कीजिए।

(ख) भोलाराम का जीव व्यंग्य के माध्यम से व्यंग्यकार ने क्या संदेश देना चाहा है ? स्पष्ट कीजिए। **7**

अथवा

हरिशंकर परसाई के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी 'व्यंग्य-दृष्टि' पर निबंध लिखिए।

Q. 4. (क) कम्प्यूटर टेक्नोलोजी की परिकल्पित धारणा क्या है ? **8**

अथवा

'कम्प्यूटर और हिन्दी' विषय पर निबंध लिखिए।

(ख) अमेरिका को स्वामी विवेकानन्द एक अद्भुत देश क्यों कहते हैं ? स्पष्ट कीजिए। **7**

अथवा

भारत में शिक्षा प्रसार के लिए स्वामी विवेकानन्द ने क्या उपाय सुझाया ? संक्षेप में लिखिए।

Q. 5. मानक, उपमानक और अमानक भाषा को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। **15**

अथवा

सामाजिक गतिशीलता को स्पष्ट करते हुए प्राचीनकाल की स्थितियों की विवेचना कीजिए।